मुख्यमंत्री कृषक समृध्दि योजना से गदगद हैं किसान

भोपाल13 जून (ए) प्रदेश के किसान मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना में मिल रहे हित.लाभ पाकर गदगद हैं और नई फसल की तैयारी में जुट गये हैं। किसान कह रहे हैं कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों की भलाई के लिये इतना अधिक किया हैए जितना कभी सपने में भी नहीं सोचा था। कभी यह नहीं सोचा था कि गेहूँ बेचकर पूरा दाम लेने के एक सीजन बाद सरकार किसानों को 265 रुपये प्रति क्विंटल की प्रोत्साहन राशि भी देगी। अब सही मायने में खेती लाभ का धंधा बन रही है।

सागर जिले के ग्राम सुरखी निवासी कृषक नारायण सिंह को 93 हजार 587 रुपये की राशि कृषक समृद्धि योजना में मिली। नीमच जिले के आमलीखेड़ा निवासी कृषक प्यार सिंह राजपूत ने इस वर्ष 100 क्विंटल गेहूँ समर्थन मूल्य पर बेचाए जिसका भुगतान पहले ही मिल गया। जब इनके खाते में 26 हजार 632 रुपये जमा होने का मैसेज आयाए तो इनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। नीमच जिले के ही किसान बालमुकुंद सुतार ने गत वर्ष 10 क्विंटल गेहूँ बेचा थाए उसकी प्रोत्साहन राशि 200 रुपये प्रति क्विंटल के मान से और इस वर्ष बेचे गये 15 क्विंटल गेहूँ की प्रोत्साहन राशि 265 रुपये प्रति क्विंटल के मान से उनके खाते में जमा हो चुकी है। ग्राम बरथून के चंदर सिंह राजपूत ने 40 क्विंटल लहसुन बेची है। इस पर उन्हें 800 रुपये प्रति क्विंटल के मान से प्रोत्साहन राशि मिली। ग्राम रेवली देवली के किसान रामरतन को भी खाते में 42 हजार 778 रुपये जमा होने का मैसेज मिला है। डिण्डोरी जिले के कृषक चम्मन सिंह को 9ए938 रुपये मिले हैं। इस राशि से उन्होंने बीजए खाद और कृषि उपकरण खरीदने का निर्णय लिया है। होशंगाबाद जिले के ग्राम बघवाड़ा निवासी शिवराज लौवंशी ने बताया कि उन्होंने 60 क्विंटल गेहूँ 1735 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से समर्थन मूल्य पर बेचा थाए जिसका पैसा मिल चुका है। अब कृषक समृद्धि योजना में 15 हजार 900 रुपये की प्रोत्साहन राशि मिली है। उनका कहना है कि मध्यप्रदेश में किसान मुख्यमंत्रीए किसानों के लिये जितना कर रहे हैंए उतना देश में किसी अन्य राज्य में नहीं हो रहा है। जबलपुर में मुख्यमंत्री के हाथ से एक लाख 93 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि पाने वाले ग्राम जटवा पाटन निवासी कृषक जितेन्द्र गोटिया कहते हैं कि पहले तो उपज की खरीदी भी ढंग से नहीं होती थी और आज पूरी फसल का मूल्य मिलने के बाद प्रोत्साहन राशि भी अलग से मिल रही है। ग्राम कैंथरापाटन निवासी संतोष पटेल के खाते में 80 हजार रुपये और विकासखण्ड कुंडम के सूर्यप्रकाश काछी के खाते में 6ए890 रुपये जमा हुए हैं। जबलपुर में हुए किसान महा.सम्मेलन में पहुँची ग्राम पंचायत मोहनी की सरपंच झमनीबाई कुलस्ते कहती हैं कि मुख्यमंत्री ने किसानों से किया हर वादा निभाया है। ग्राम महगवां निवासी कृषक पूरन सिंहए ग्राम गंजखमरिया बोरियापाटन निवासी चेतराम कोल और ग्राम भरेला के राजाराम कहते हैं कि मुख्यमंत्री के किसान हितैषी निर्णयों के कारण किसान उनके मुरीद हो गये हैं।

प्रदेश में 15 जून से स्कूल चलें हम अभियान का दूसरा चरण

0 कलेक्टर्स को जारी किये गये निर्देश

भोपाल 13 जून (ए) प्रदेश में श्स्कूल चलें हमश् अभियान का दूसरा चरण 15 जून से प्रारंभ किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग ने जिला कलेक्टर्सए जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को अभियान के सफल क्रियान्वयन के संबंध में विस्तुत निर्देश जारी किये हैं। निर्देशों मे कहा गया है कि कक्षा एक से कक्षा 11वीं तक ऐसे छात्रों की पहचान की जाएए जिनका शालाओं में अप्रैल माह में प्रवेश नहीं हो पाया है। इसके साथ हीए सामुदायिक सहयोग से शाला से बाहर तथा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने के लिये रणनीति तैयार की जाये। प्रत्येक जिले में शिक्षा सत्र 2016.17 के नामांकन के आधार पर वर्ष 2017.18 में नामांकन में गिरावट वाली संस्थाओं की सूची के आधार पर समीक्षा की जाये। प्रदेश में कक्षा एक से 12 तक की करीब एक लाख 23 हजार सरकारी शाला है।

जिला कलेक्टर्स से कहा गया है कि 15 जून को अनिवार्य रूप से प्रत्येक सरकारी विद्यालय में शाला प्रबंधन और विकास समिति की बैठक के साथ विशेष बालसभा का आयोजन किया जाये। इन सभाओं में बच्चों की नियमित उपस्थितिए दक्षता उन्नयन और पाठ्य.पुस्तकों के वितरण के संबंध में अनिवार्य रूप से चर्चा की जाये। प्रत्येक सरकारी विद्यालय में 18 जून को महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस के मौके पर देश के जवानों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिये विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जायें। इस दिन प्रत्येक शासकीय विद्यालय में भारतीय सेना और सीमा सुरक्षा बल के जवानों तथा सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों को वि्द्यालय में आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया जाये।

स्कूल चले अभियान के दूसरे चरण में 20 जून को प्रत्येक शासकीय विद्यालय में उन पूर्व छात्रों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जायेए जो समाज में सक्रिय रहकर राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे है। ऐसे व्यक्तियों और छात्रों के साथ परस्पर संवाद कायम करवाया जायेए जिससे स्कूल के छात्र प्रोत्साहित हो सकें। दिनांक 22 जून को पालक सम्मेलन का आयोजन प्रत्येक सरकारी विद्यालय में सुनिश्चित करने के लिये कहा गया है। इस सम्मेलन में विद्यार्थियों के माता.पिता को आमंत्रित किया जाये। सम्मेलन में ऐसे वॉलेंटियर्स की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिये कहा गया हैए जो स्कूल शिक्षा विभाग के मिल बांचे कार्यक्रमए प्रणाम पाठशाला और अन्य गतिविधियों में सक्रिय रूप से जुड़कर सहयोग करते हैं।

जिला कलेक्टर्स से 15 से 30 जून तक जिले के प्रत्येक सरकारी विद्यालय में कम से कम एक कालखण्ड में खेल.कूदए साहित्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन करने के लिये कहा गया है। निर्देश में यह भी कहा गया है कि प्रत्येक सरकारी शाला भवन और छात्रावास में सफाई के लिये विशेष अभियान चलाया जाये। इनमें सामुदायिक सहभागिता भी सुनिश्चित की जाये। इसके साथ ही प्रदेश में पन्नी बीनने वालेए बेघरए अनाथ बच्चों के लिये संचालित सरकारी छात्रावासों में बच्चों का शत.प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने के लिये कहा गया है।

.समग्र शिक्षा पोर्टल और एम शिक्षा मित्र

स्कूल शिक्षा विभाग के प्रत्येक अधिकारी.कर्मचारी की एम शिक्षा मित्र पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज करायी जायेगी। शिक्षण सत्र 2018.19 में समग्र शिक्षा पोर्टल में नामांकनए प्रोफाइल अपडेशन का कार्य 20 जून तक पूरा किया जायेगा। विभाग की पाठ्य.पुस्तकए छात्रवृत्ति और साईकिल वितरण योजनाओं में सामग्री का शत.प्रतिशत वितरण कर स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल पर उसकी प्रविष्टि की जायेगी।

भगवान भत्रा को मिला इस वर्ष का प्रकृति बंधु पुरस्कार

डाबुगां 13 जून (सन्यूस) डाबुगां ब्लाक के मेदेना पंचायत अंतर्गत पुजारीगुड़ा गांव के भगवान भत्रा को वन विभाग की ओर से इस वर्ष का प्रकृति बंधु पुरस्कार प्रदान किया गया है।

विश्व पर्यावरण दिवस पर नवरंगपुर जिला वन विभाग की ओर से डाबुगां वन क्षेत्र के चरक वन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नवरंगपुर के जिलापाल डा. अजीत कुमार मिश्र, नवरंगपुर के वनमंडल अधिकारी रंजीत कुमार मल्लिक, डाबुगां के वन मंडल अधिकारी धनुर्जय महापात्र आदि उपस्थित थे. इस अवसर पर पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर डाबुगां ब्लाक के मेदेना पंचायत अंतर्गत पुजारीगुड़ा गांव निवासी भगवान भक्षा को इस वर्ष के प्रकति बंधु पुरस्कार प्रदान किया गया। उक्त पुरस्कार के तहत उन्हें पांच हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। इसी तरह नवरंगपुर जिले के अन्य नौ ब्लाक के एक एक व्यक्तियों को भी प्रकृति बंधु पुरस्कार प्रदान किये गये।

शालिनी को अब नहीं है नौकरी की दरकार

भोपाल 13 जून (ए) एक जमाना थाए जब महिलाएँ सिर्फ घर गृहस्थी संभालने का काम करती थीं। महिलाओं ने अपनी कड़ी मेहनत से साबित कर दिया हैए कि वह आत्म.निर्भरता का पर्याय बन गयी हैं। इन्हीं महिलाओं में से एक हैं सतना नगर के बांस नाका जैसवाल मार्केट टिकुरिया टोला की 34 वर्षीया श्रीमती शालिनी शर्मा। इन्होनें जब से अपने जनरल स्टोर्स के थोक सामान का व्यवसाय शुरू किया हैए तब से उनके धंधे में मुनाफा लगातार बढ़ रहा है और उनके जीवन की तस्वीर ही बदल गई है। अब उन्हे ना तो पहले की तरह नौकरी के लिये लंबे.लंबे रास्ते नापने की जरूरत है और ना ही भविष्य को लेकर चिंता करने की। अब वह एक स्थापित व्यवसायी बन गई हैं।

श्रीमती शालिनी शर्मा के पति मोहित शर्मा एक प्रायवेट कम्पनी में काम करते थे। शालिनी घर की आजीविका में पति का हाथ बंटाने के लिये अपने पैरों पर खड़ा होना चाहती थीं। शालिनी आज अपने जनरल स्टोर्स के कारोबार में दूसरों को भी रोजगार दे रही हैं। शालिनी को वित्तीय मदद और तकनीकी मार्गदर्शन सतना स्थित जिला उद्योग केन्द्र से मिली है।

मुख्यमंत्री स्व.रोजगार योजना में शालिनी को 10 लाख रूपये का ऋण मुहैया करवाया गया। इसमें एक लाख रूपये का अनुदान भी शामिल है। जनरल स्टोर्स व्यवसाय में जम चुकी शालिनी अब न सिर्फ बैंक की ऋण की किस्तें भर रही हैंए बल्कि अपनी कमाई से दो वाहन और एक प्लाट भी खरीद लिया है। उनकी दुकान के उत्पाद जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में खूब बिक रहे हैं।

हबीबगंज अंडर ब्रिज स्थित नाले से हटाई डेयरी

0 निगम अमले ने विभिन्न क्षेत्रों से हटाए अनेक अतिक्रमण

भोपाल 13 जून (ए) नगर निगम द्वारा वर्षा पूर्व नालों की सफाई एवं बहाव में बाधक अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम अमले ने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी राकेश शर्मा के नेतृत्व में हबीबगंज स्थित अंडर ब्रिज के पास नाले पर अतिक्रमण कर संचालित की जा रही डेयरी के अतिक्रमण को हटाया और डेयरी में बंधी पाई गई 02 भैंसों और 02 गाय को मिसरोद स्थित कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की।

निगम अमले सीण्एमण् हेल्प लाईन के माध्यम से प्राप्त शिकायत के निराकरण हेतु सेमराकला कोलुआ रोड पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से बनाए गए 01 शौचालय के निर्माण को हटाया साथ ही बागमुगालिया स्थित अरविन्द विहार में अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों के अनेक अतिक्रमणों को हटाया और 01 गुमठी जप्त की। निगम अमले ने कटारा हिल्स चौराहे पर अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही के दौरान अनेक अतिक्रमणों को हटाते हुए विभिन्न प्रकार का सामान जप्त किया।

निगम अमले ने ई.7 अरेरा कालोनीए कैम्पियन स्कूलए शाहपुरा झीलए 1100 क्वाट्र्स आदि क्षेत्रों में अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों के अनेक अतिक्रमणों को हटाया और पान पार्लरए गुमठियांए काउंटर्सए ठेले सहित 06 ट्रक सामान जप्त किया।

अवैध रूप से बेच रहा था शराब, पुलिस ने दबोचा

भोपाल 13 जून (ए) राजधानी के बिलखिरिया थाना इलाके में अवैध रूप से शराब बेच युवक को पुलिस ने हजारों रुपये की देशी विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम बिलखिरिया में बीती दोपहर गुप्ता कालोनी में रहने वाले अम्बुज शर्मा पिता कैलाश शर्मा को पुलिस ने 47 बियरए152 क्वाटर देशी शराब और 5 क्वाटर अंग्रेजी शराब को अवेध तरीके से घर में रख कर बेचते हुए गिरफ्तार किया है। बरामद की गई शराब की कीमत 15 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्जकर उसे जिला अदालत में पेश कर जेल भेज दिया।

अनुसूचित जाति वर्ग के अभ्यर्थियों को उद्योग स्थापित करने के लिये मिलेगी 2 करोड़ रूपए तक की मदद

भोपाल13 जून (ए) मुख्यमंत्री कृषि उद्यमी योजना के तहत जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित कृषकों के पुत्र.पुत्रियों को स्वयं का उद्योग स्थापित करने के लिये आर्थिक मदद दी जायेगी। मौजूदा वित्तीय वर्ष में जिले में 80 अभ्यर्थियों को लाभान्वित कराने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके लिये जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

योजना के तहत खासतौर पर एग्रो प्रोसेसिंगए फूड प्रोसेसिंगए कोल्ड स्टोरेजए मिल्क प्रोसेसिंगए कैटल व पोल्ट्री फीडए दालए चावलए तेल व फ्लोर मिल इत्यादि उद्योग स्थापित करने के लिये बैंकों के माध्यम से ऋण और सरकार द्वारा अनुदान दिया जाता है। योजना के अंतर्गत 50 हजार से लेकर 2 करोड़ रूपए परियोजना लागत देने का प्रावधान है। मध्यप्रदेश के मूल निवासी और दसवीं परीक्षा उत्तीर्ण 18 से 45 आयु वर्ग के अनुसूचित जाति वर्ग के अभ्यर्थी इसके लिये आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी के माता.पिता या स्वयं के पास कृषि भूमि होना चाहिए तथा वह आयकरदाता न हो। विस्तृत जानकारी के लिये अंत्यावसायी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

जानबूझकर खुले में भीगने के लिए छोड़ा अनाज

0 सरकार रच रही है अनाज खरीदी में हुए घोटाले पर पर्दा डालने की साजिश - कमलनाथ

भोपाल 13 जून (ए) मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा है कि सरकार ने समर्थन मूल्य पर व भावांतर योजना में व्यापक पैमाने पर गेहूंए प्याजए चना सहित अन्य अनाज खरीदा है। किसान हितैषी होने का दावा कर करोड़ों रूपये खर्च कियेए लेकिन सरकार की लापरवाही और गलत नीतियों के कारण प्रारंभिक बारिश में ही बहुत सारा अनाज भीग गया। बरसात को देखते हुए करोड़ों रूपयों का अनाज बर्बाद होने की कगार पर है।

श्री नाथ ने कहा कि पौने दो लाख करोड़ के कर्ज में डूबी सरकार जनता की गाढ़ी कमाई को बर्बाद कर रही है। अनाज भंडारण की कोई व्यवस्था सरकार ने नहीं की है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष इसी तरह करोड़ों रूपयों की प्याज खरीदने के बाद सड़ गई थी। लेकिन सरकार ने इस नुकसान से सबक नहीं लिया। इस वर्ष भी सुरक्षित अनाज भंडारण का कोई इंतजाम नहीं है। करोड़ों रूपयों का अनाज बर्बाद होने की कगार पर है।

कमलनाथ ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि सरकार अनाज खरीदी में हुए भ्रष्टाचार और घोटालों को दबाने के लिए जानबूझकर अनाज बरसात में भीगने और बर्बाद होने के लिए छोड़ रही हैए ताकि खरीदी में भ्रष्टाचार और घोटोलों पर पर्दा डाला जा सके। क्योंकि समर्थन मूल्य पर खरीदा गया चनाए मसूरए सरसों में व भावांतर योजना में खरीदे गये प्याजए लहसुन एवं गेहूं की खरीदी में प्रदेश के विभिन्न जिलों से भ्रष्टाचार व घोटालों की खबरें निरंतर आ रही हैं। शायद इसी पर पर्दा डालने के लिए इस बर्बादी की साजिश रची जा रही है।

बीमारी से परेशान ड्राइवर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल13 जून (ए) मिसरोद इलाके के भैरो निवासी 41 वर्षीय ड्राइवर ने बीमारी से तंग आकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक डेढ़ साल से बीमार चल रहा था। उसने रात में घर के बगल में स्थित एक टीनशेड़ में पाइप में फंदा बांधकर खुदकुशी कर ली। सुबह सबसे पहले मृतक बाबूलाल को बड़े भाई ने फांसी के फंदे पर लटका देखा। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने बीमारी से परेशानी का जिक्र कर खुदकुशी के लिए खुद को जिम्मेदार बताया है।

सरकार के फरमानों से पंचायत सचिव परेशान

0 तीन महीने से पंचायत सचिवों को नहीं मिला वेतन

भोपाल13 जून (ए) मध्यप्रदेश सरकार के तुगलकी आदेशों से ग्रामीण पंचायत विभाग के सचिव हैरान परेशान है और सरकार की वादाखिलाफी के कारण पूरे प्रदेशभर के सचिवों में भारी नाराजगी है। यह बात आजाद पंचायत सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष हाकिम सिंह यादव ने कही है। यादव ने सरकार पर आरोप लगाया है कि सरकार की घोषणा के बावजूद आज तक पंचायत के सचिवों को सरकार ने छठवे वेतनमान का लाभ नहीं दिया है। इसी के साथ यादव ने कहा है कि सरकार के सीएम शिवराज सिंह चौहान ने मार्च 2013 में सचिवों के तुलादान करते समय ये घोषणा की थी कि पंचायत सचिवों को शिक्षाकर्मी तीन के समान वेतन निर्धारण किया जाएगा। लेकिन सरकार में आज तक ऐसा नहीं किया। बल्कि वेतन पुर्नरीक्षित देकर सरकार ने सचिवों से पल्ला झाड़ लिया है। इसके साथ यह आरोप भी लगाया है कि सरकार द्वारा पुर्ननिरीक्षत वेतन देने के आदेश जारी होने के बाद आज दिनांक तक सचिवों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला है। वेतन नहीं मिलने से प्रदेश के सचिव और उनके परिवार आर्थिक तंगी से गुजर रहे है। यादव ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पंचायत मंत्री गोपाल भार्गव और पंचायत राज्य मंत्री विश्वास सारंग से मांग की है कि वे अधिकारियों को निर्देशित करे कि गणना पत्रक शीघ्र जारी करें जिससे सचिवों को वेतन मिल सके। इसके अलावा आजाद पंचायत सचिव के अध्यक्ष यादव ने सरकार से कहा है कि प्रदेश के सचिव की मृत्यु पर सरकार पहले एक लाख रुपये देती थी।

सरकार ने इस आदेश में भी संशोधन करके सचिव की मृत्यु पर एक लाख देने की बात तो कहीं है लेकिन ये एक लाख रुपये एक साल बाद दस हजार रुपये प्रतिमाह की किश्त के अनुसार सचिव केपरिवार वालों को सरकार को देना होगा। यादव ने कहा है कि सरकार असंगठित मजदूरों की साधारण मृत्यु पर दो लाख रुपये एक दुर्घटना मृत्यु पर चारलाख रुपये सहित अंत्येष्ठि के लिए पांच हजार रुपये देती है क्या मध्यप्रदेश के पंचायत सचिव इन लोगों से भी गये गुजरे है।

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
HOSPITAL
क्रमांक/429/जि.चि.दन्ते./2018 दन्तेवाड़ा दिनांक 6/06/2018

// संशोधित निविदा प्रपत्र //

जिला चिकित्सालय, दंतेवाड़ा छ.ग. अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2018-2019 के लिये शारीरिक पुनर्वास केन्द्र के क्षेत्र भ्रमण एवं अस्पताल के चिकित्सकीय ऑन कॉल सेवाएं संचालित किए जाने हेतु 05 नग चार पहिया वाहन मासिक आधार पर किराये से चाहिए। वाहन प्रदाय करने हेतु इच्छुक स्थानीय फर्म/संस्था, वाहन मालिक, ट्रेवल एजेंसी जो जिला दंतेवाड़ा में स्थापित हो, निविदा प्रपत्र कार्यालयीन समय में रू. 1000/- (एक हजार रू. मात्र) (Non Refundable) का भुगतान कर निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। अधिकतम मासिक किराया राशि 40000/- (चालीस हजार रूपये मात्र) तक निर्धारित है। निविदा फार्म तथा अन्य जानकारी जिला के website-www.dantewada.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा शर्तों में परिवर्तन एवं निविदा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। इसके लिए पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी। निविदा फार्म प्राप्त करने एवं जमा करने की तिथि विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिवस तक है।

आदेशानुसार
सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
जी-52538

कार्यालय आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
इन्द्रावती भवन, भूतल, ब्लॉक 4डी, नया रायपुर (छ.ग.)
☎ 2263708 Fax-2262558
website-tribal.cg.gov.in Email-ctd.cg@nic.in
क्रमांक/यु.कै.नि.यो./134-A/2018-19/2431 नया रायपुर दिनांक 08/06/2018

परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र नारायणपुर में रेल्वें /बैंकिंग/एस.एस.सी./व्यापमं जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु कोचिंग प्रदान करने हेतु प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थाओं से रूचि की अभिव्यक्ति का आमंत्रण

युवा कैरियर निर्माण योजना नियमावली, वर्ष 2015 अंतर्गत राज्य के नारायणपुर जिला मुख्यालय में स्थित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र पर 100 सीट के लिए राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों को बैंकिंग भर्ती बोर्ड, रेल्वे भर्ती बोर्ड, कर्मचारी चयन आयोग, छ.ग. व्यापमं इत्यादि के माध्यम से ली जाने वाली लिपिकीय एवं कार्यपालिक पदों की भर्ती हेतु आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण उपलब्ध कराने एवं प्रतिस्पर्धात्मक बनाकर परिणाममूलक सफलता सुनिश्चित करने हेतु विभाग द्वारा इस क्षेत्र में कार्यरत निजी प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थाओं से रूचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है।

1. कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 29.06.2018 अपरान्ह 4.00 बजे तक
2. निर्धारित तिथि तक प्राप्त प्रस्ताव को जमा करने की अंतिम तिथि - 30.06.2018, अपरान्ह 3.00 बजे तक
3. निर्धारित तिथि तक प्राप्त प्रस्ताव को समिति के समक्ष खोला जाना - 05.07.2018, अपरान्ह 3.00 बजे तक
4. पात्र पाए गए कोचिंग संस्थाओं का समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण एवं मूल्यांकन - 10.07.2018, अपरान्ह 12.00 बजे तक

विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in से अवलोकन कर प्राप्त (Download) कर सकते हैं।

(रीना बाबा साहेब कंगाले)
आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नया रायपुर, छत्तीसगढ़
जी-52526